UMRAO
HOSPITALS
MULTI-SPECIALTY, TERTIARY CARE HOSPITAL

उमराव हॉस्पिटल : लाया है मिरा –भायंदर के लिए विश्व दर्जे तथा उचित मूल्य की स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं

. भारत सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य एवम् परिवार कल्याण मंत्री माननीय श्री गुलाम नबी आजाद ने किया अस्पताल का उद्घाटन

. महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री श्री अशोक राव चव्हाण ने उमराव कालेज ऑफ नर्सिंग एज्यूकेशन एंड अस्मित कालेज ऑफ आर्किटेक्चर की आधारशिला रखी

. अखिल भारतीय कांग्रेस केमटी के महा मंत्री व मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह ने उमराव इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस ऐंड रिसर्च ट्रस्ट के अध्यक्ष लिजेंडरी सैयद नजर हुसैन के जीवन व उनकी उपलब्धियों पर एक किताब –सैयद नजर हुसैन-मैन विथ ए मिशन- का अनावरण किया

मुंबई, १ नवम्बर २०१० I अस्मित समूह का मिरा-भायंदर क्षेत्र में स्थित पहला ३३० बिस्तरों वाला, बहु-विशेषताओं से लैस टेरटियरी केयर हॉस्पिटल -उमराव हॉस्पिटल का उद्घाटन भारत सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री श्री गुलाम नबी आजाद द्वारा किया गया। इस अस्पताल के निर्माण का मुख्य फोकस सूदूर पश्चिमी उपनगरों और बोरीबली से वापी तक के नजदीकी कस्बों के निवासियों को सेवाएं प्रदान करने पर है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री अशोक राव चव्हाण ने उमराव कालेज ऑफ नर्सिंग एज्यूकेशन ऐड अस्मित कालेज ऑफ आर्किटेक्चर की आधारशिला रखी ।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महामंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री **श्री दिग्विजय सिंह** ने उमराव इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस ऐंड रिसर्च ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री सैयद नजर हुसैन के जीवन व उपलब्धि पर एक किताब जारी किए ।

उमराव हॉस्पिटल के सीईओ डां. राजेंद्र शर्मा ने कहा कि उमराव हॉस्पिटल के बतौर प्राथमिक फोकस सुनहरे समय के दौरान कई विशेषताओं में महत्वपूर्ण उपयोगी केयर प्रदान करने पर होगा। अत्याधुनिक

बुनियादी ढ़ांचा से सुसज्ज व समर्थित रोगी-केंद्रित केयर अस्पताल में सेवाओं के हर पहलू को ड्राइव करेगा।

उमराव हॉंस्पिटल के अध्यक्ष श्री मुजफ्फर हुसैन ने कहा कि मिरा भायंदर क्षेत्र में इस किस्म के अस्पताल की बड़ी जरूरत थी । वर्षों के दौरान इस क्षेत्र की आबादी में कई गुना वृद्धि हुई है , परंतु अच्छे टेरटियरी केयर , बहु-विशेषता वाले अस्पतालों की कमी रही है। लोगों को अपने स्वास्थ्य सबंधित जरूरतों के लिए मुंबई आना पड़ता है। इस अस्पताल को तुलनात्मक बेजोड़ देखभाल पेश करने के उद्देश्य से बनाया गया है और हमारा इरादा उचित मूल्य पर वैश्विक मानक की उन्नत मेडिकल सुविधाएं प्रदान करने की है।

अस्पताल की विकास योजना पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि हमारी योजना नर्सिंग व पैरामेडिक्स कालेज को स्थापित करने की है। हम दिल्ली में एक बहु विशेषताओं से लैस अस्पताल स्थापित करने जा रहे है तथा ऐसी योजना है कि मुंबई -दिल्ली कोरिडोर के साथ और ५-६ अस्पताल बनाए जाए।

उमराव हॉंस्पिटल वर्ष १९९० में स्थापित उमराव इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंस ऐंड रिसर्च ट्रस्ट (टीयूआईएमएसएआर) की एक पेशकश है। यह ट्रस्ट समाज के लोगों की जिंदगी की गुणवत्ता को सुधारने के कार्य में लगा हुआ है, जबकि उमराव हॉंस्पिटल समाज के समूचे हेल्थकेयर मानक को सुधारने के लिए आवशयक कदम उठाने पर ध्यान देता है। यह पहला अस्पताल है जिसने पेंशेंट –रिकार्ड डिजिटलाइजेशन, रियल टाइम वेवफार्म मॉनिटरिंग ऑफ ट्रीटमेंट , एयर एम्बुलेंस और चलित आईसीयू जैसी नवीन सुविधाएं मिरा –भायंदर क्षेत्र में पेश की है।

उमराव हॉंस्पिटल: उमराव हॉंस्पिटल अस्मित समूह का टेरटियरी हेल्थ-केयर में प्रवेश है। इस समूह का बुनियादी ढ़ांचा और शिक्षा के क्षेत्र में मौजूदगी बहुत ही मजबूत है। उमराव हॉंस्पिटल अस्मित समूह की नवीन पेशकश है जो सामाजिक दायित्वों के साथ विकास की उनकी विचारधारा का प्रदर्शन मजबूती से करता है। उमराव हॉंस्पिटल एक शुरू होने वाला टेरटियरी केयर , बहु-विशेषताओं वाला अस्पताल है जो इसे विकासशील मिरा –भायंदर व इसके इर्द-गिर्द के क्षेत्र में अपने किस्म का पहला बनाता है।

यह अस्पताल १ नवम्बर से शुरू हो रहा है और ३६० डिग्री विंडो के माध्यम से प्रमुख मेडिकल विशेषताओं में केयरगत सुविधाएं प्रदान करने को सुसज्ज है। इनमें कंसंल्टिंग, डॉंयग्नोस्टिक, तथा उपचार शामिल है। अस्पताल का लक्ष्य उचित व सुगम्य विश्व दर्जे की हेल्थकेयर सुविधाएं प्रदान करने की है।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

मोनिका खेमका - ९९२०४७४८८०

जुई जोगडंड - ९८२००५५६०८